**CBSE Class–3 Hindi**

**NCERT Solutions**

**रिमझिम पाठ- 3. चाँद वाली अम्मा**

**तुम्हारी कल्पना से**

**प्रश्न 1. बूढ़ी अम्मा चाँद पर क्यों चढ़ गई होगी?**

**उत्तर -** बूढ़ी अम्मा ने सोचा होगा कि पता नहीं आसमान उसे कहाँ ले जाएगा| वह समझती थी कि चाँद से वह पृथ्वी पर चली जाएगीं | वह आसमान से पीछा छुड़ाने के लिए चाँद पर चढ़ गई होगी|

**प्रश्न 2. चाँद वाली अम्मा झाड़ू क्यों नहीं छोड़ना चाहती थी?**

**उत्तर -** चाँद वाली अम्मा झाड़ू इसलिए नहीं छोड़ना चाहती थी क्योंकि उसके पास एक ही झाड़ू था|

**प्रश्न- 3. चित्रों को देखकर बताओ कि अम्मा के साथ कौन-कौन रहता था?**

**उत्तर -** अम्मा के साथ बादल, तितली, आसमान, चिड़िया और झाड़ू रहते थे|

**प्रश्न 4. आसमान बार - बार आ कर अम्मा की कम र से क्यों टकरा ता था ? तुम्हें क्या लगता है?**

**उत्तर -** आसमान बार बार आकर अम्मा को छेड़ने के लिए उसकी कमर से टकराता था| आसमान को शरारत करने में मजा आता था| पहले के समय में आसमान इतना ऊँचा नहीं होता होगा| हमें लगता है कि आसमान के पास उपर-नीचे जाने की शक्ति थी|

**रूठना-मनाना**

**प्रश्न- जब बूढ़ी अम्मा उड़ी जा रही थी तो उन्हों ने आसमान को हर तरह से मनाने की कोशिश की | बताओ , उन्होंने क्या-क्या कहा होगा?**

**उत्तर -**

| |
|---|
| **अरे बेटा ! यह क्या कर रहे हो ?** |

घबराकर

| |
|---|
| **बेटा! मैं नीचे गिरकर मर जाऊँगी मुझे छोड़ दो|** |

गिरगिराकर

| |
|---|
| **तू छोड़ता है या नहीं** |

गुस्से से

**बेटा! मुझ बुढ़ियाँ को ले जाकर क्या करोगे|**
**मुझे छोड़ दो| अब मैं तुम्हें नहीं मारूगी|**

तरकीब सूझने पर

**घूरना**

**प्रश्न- अम्मा उसे घूरकर देखती तो आसमान थोडा हट जाता|**

**कब-कब ऐसा होता है जब तुम्हे कोई घूरकर देखता है|**

**जैसे: मेरा दोस्त मुझे घूरकर देखता है जब मैं उसका मज़ाक उड़ाता हूँ|**

**उत्तर- मेरे पिता** – मुझे घूरकर देखते हैं जब मैं शरारत करता हूँ|

**मेरे शिक्षक** - मुझे घूर कर देखते हैं जब मैं पढाई नहीं करता हूँ|

**मेरी बहन/मेरा भाई** - मेरी बहन घूर कर देखती है जब मैं बड़ों से झगड़ा करता हूँ|

**दम लगा कर हईशा**

**प्रश्न- रस्साकशी के खेल में दो टोलियों के बीच में खूब खींचातानी होती है| कुछ और खेलों के नाम लिखो जिनमें दो टोलियाँ खेलती हों|**

**उत्तर-** खो-खो कबड्डी शतरंज क्रिकेट

**साफ़-सफ़ाई**

**प्रश्न 1. घर की सफ़ाई करने के लिए किन-किन चीज़ों का इस्तेमाल होता है?**

**उत्तर-** झाडू पोंछा पानी फिनाइल ब्रश

**प्रश्न 2. किन-किन मौकों पर तुम्हारे घर का सारा सामान हटाकर खूब ज़ोर-शोर से सफ़ाई होती है?**

**उत्तर-** नवरात्र, दीपावली, विवाह, जन्मदिन और मेहमानों के आने पर घर का सारा सामान हटाकर खूब ज़ोर-शोर से सफाई होती हैं|

**प्रश्न 3. ये मौके ख़ास क्यों होते हैं?**

**उत्तर-** दीपावली सबसे बड़ा त्यौहार है जो साल में एक बार आता है|

मेरा जन्मदिन भी वर्ष में एक बार आता है| घर में पार्टी का आयोजन किया जाता है|

विवाह तो प्राय: जीवन में एक बार ही होता है, इसलिए घर की साफ-सफाई की जाती है

इन मौकों पर मेहमान भी आते हैं| नवरात्रों पर प्राय: घर में देवी माँ का आगमन होता है| इस उपलक्ष्य में कीर्तन का आयोजन भी किया जाता है| मेहमानों के सामने घर साफ-सुथरा होना चाहिए|

**प्रश्न 4. सफाई के काम से जुड़े हुए शब्द सोचो और लिखो | जैसे - झाड़ना|**

**उत्तर -** धोना पोंछना रगड़ना चमकाना|

**काम कौन करता है?**

**प्रश्न 1. बूड़ी अम्मा अकेली रहती थी | उन्हें घर का सारा काम अकेले ही करना पड़ता होगा | उन कामों की सूची बनाओ जो उन्हें सुबह से शाम तक करने पड़ते होंगे | यह भी बताओ कि तुम्हारे घर में यह काम कौन - कौन करता है?**

**उत्तर -**

| बूढ़ी अम्मा के काम | मेरे घर में कौन करता है |
|---|---|
| पानी भरना<br>सफ़ाई करना<br>कपड़े धोना<br>खाना बनाना | माता-पिता दोनों<br>नौकरानी<br>बड़ी बहन<br>माता जी |

**प्रश्न 2. तुम कौन-से काम करते हो? अपने कामों के बारे में बताओ|**

**उत्तर-**

| घर के काम | घ से बाहर के काम |
|---|---|
| जूते बर्तन उठाकर रखना<br>इधर-उधर पड़ी वस्तुओं को उनके निश्चित स्थान पर रखना<br>जूतों पर पॉलिश करना<br>मेहमानों को पानी पकड़ाना | दूध लाना<br>ट्यूशन जाना<br>दुकान से सामान लाना<br>सब्जी वाले को बुलाना<br>पढ़ने जाना |

**कितने नाम, कितने काम?**

**प्रश्न- इस कहानी में नाम वाले और काम वाले कई शब्द आए हैं| उन्हें छाँटकर नीचे तालिका में लिखो|**

**उत्तर-**

| नाम वाले शब्द | काम वाले शब्द |
|---|---|
| आसमान<br>चाँद<br>पानी<br>झाड़ू | झाड़ू लगाना<br>खाना बनाना<br>पानी लाना<br>उठाना |

**तुम्हारी शरारत**

**प्रश्न 1. अपनी किसी शरारत के बारे में लिखो|**

**अरे, आसमान की शरारत तो कुछ ही नहीं! मैंने तो एक बार............**

**उत्तर-** एक बार मैं मम्मी-पापा के साथ लाल किला देखने गई| मम्मी-पापा ने कहा- तुम यहाँ से बाहर मत जाना| मैंने सोचा बाहर

पता नहीं क्या होगा जो यह मुझे मना कर रहे हैं पर मैं कहाँ मानने वाली थी| मैं बाहर जाकर दुकानें व उनमें रखे खिलौने देखने लगी और खिलौने इत्यादि देखते-देखते मैं रास्ता भूल गई| मैं एक कोने पर छुपकर खड़ी हो गई| मम्मी-पापा मुझे ढूँढते हुए मेरे सामने से आगे निकल गए| मुझे शरारत सूझी| मैं उनके पीछे चल दी| जब वे परेशान हो गए तो मैंने उन्हें एकदम से आवाज लगाई| मम्मी ने मुझे डाँटा और उठाकर गले से लगा लिया|

**प्रश्न 2. तुम्हे चाँद में क्या दिखाई देता है? बनाओ|**

